# **सैनिक स्कूल गोपालगंज**
## **विषय=हिंदी**
## **कक्षा-VII**

## **गृहकार्य**

1.निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर पूछे गए प्रश्नों का उत्तर लिखिए :-

यथार्थ की नींव पर संबंधों का प्रासाद नहीं बनता I नि:स्वार्थ भाव से सबका ध्यान रखना संबंधों के लिए अनिवार्य है I संबंधों का महत्व उनको निभाने में है, भार समझकर उनको ढ़ोने में नहीं I वाणी का माधुर्य वह शक्ति है जो पूरे परिवार को एक सूत्र में बाँध सकती है, वहीं कटुता की कैंची संबंधों को छिन्न- भिन्न भी कर सकती है I अत: सबके साथ मधुर व्यवहार करें I अपने इस व्यवहार को विस्तार दें और इसकी सुगंध परिवार से पड़ोस में भी जाने दें I आपके पड़ोस में तनाव रहेगा तो आप भी अवश्य अशांत होंगे I सब कुछ बदला जा सकता है परन्तु पड़ोसी नहीं बदले जा सकते इसलिए पड़ोसियों के साथ आपका व्यवहार मधुर होना चाहिए I इसी मधुर व्यवहार से सामाजिक समरस्ता का विकास होगा I कटुता से समरसता नष्ट होती है I कटुता हमारे सामाजिक संबंधों को अल्पायु तो बनाती ही है साथ ही वह बहुत सारी समस्याओं की जननी भी है I साम्प्रदायिक उपद्रव इसी कटुता और विद्वेष की कभी न सूखने वाली विषैली फसल है I जिससे देश बुरी तरह प्रभावित होता है I कुछ वर्षों में कट्टरवाद, क्षेत्रवाद तथा जातिगत भेदभाव और गहन हुआ है I इसे शुभ संकेत नहीं समझा जा सकता I किसी भी राष्ट्र की नींव के लिए ये घातक तत्व हैं I स्वतंत्रता, को हम सबने जाति, धर्म, सम्प्रदाय और क्षेत्रवाद से ऊपर उठकर ही, प्राप्त किया है I आज भी इसी भावना की नितांत आवश्यकता है I परिवार से लेकर राष्ट्रीय स्तर पर उन्हीं संबंधों को निर्वाह करना आज भी उतना ही अपरिहार्य है, जितना आज़ादी से पहले था I

i) गद्यांश के अनुसार क्या नहीं बदला जा सकता ?

ii) कौन-सा तत्व समस्याओं को जन्म देता है ?

iii) 'संबंधों' का महत्व किसमें है ?

iv) 'राष्ट्र' के लिए कौन-से तत्व घातक हैं ?

v) 'परिवार' को एकता के सूत्र में बाँधने के लिए कौन-सा गुण आवश्यक है और क्यों ? 2.निम्नलिखित काव्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों का उत्तर लिखिए :-

ब्रह्मा ने कुछ लिखा भाग्य में
मनुज नहीं लाया है
अपना सुख उसने अपने
भुजबल से ही पाया है ।
प्रकृति नहीं डरकर झुकती
कभी भाग्य के बल से,
सदा हारती वह मनुष्य के
उद्यम से, श्रमजल से ।
बह्मा का अभिलेख पढ़ा
करते निरुद्दमी प्राणी,
धोते वीर कु-अंक भाल का
बहा भ्रुवों से पानी ।
भाग्यवाद आवरण पाप का
और शस्त्र शोषण का
जिससे रखता दबा एक जन
भाग्य दूसरे जन का ।
पूछो किसी भाग्यवादी से
यदि विधि अंक प्रबल है
पद पर क्यों देती न स्वयं
वसुधा निज रतन उगल है ?
उपजता क्यों विभव प्रकृति को
सींच-सींच वह जल से ?
क्यों न उठा लेता निज संचित
कोष भाग्य के बल से ?

एक मनुज संचित करता है
अर्थ पाप के बल से
और भोगता उसे दूसरा
भाग्यवाद के छल से I

i) 'मनुष्य' का भाग्य कैसे निर्मित होता है ?

ii) 'भाग्यवाद आवरण पाप  का, और शस्त्र शोषण का I'- काव्य पंक्ति का अभिप्राय क्या है ?

iii) 'निरुद्द्मी व्यक्ति' किसके भरोसे बैठ भविष्य को नष्ट करता है ?

iv) धरती को कैसे स्वर्ग बनाया जा सकता है ?

v) 'मजदूर' ने धरती कैसे सुंदर बनाया ?

3.अति सक्षिप्त प्रश्नों के उत्तर लिखिए :-

i) 'व्याकरण' की परिभाषा लिखिए I

ii)  'लिपि' कहने से आप क्या समझते है ?

iii)  हिंदी वर्णमाला में वर्णों की कुल संख्या कितनी है ?

iv) 'कारक' की परिभाषा लिखिए I

v) सर्वनाम के कितने भेद है ? उनके नाम लिखिए

4. निम्नलिखित प्रश्नों का सही उत्तर विकल्पों से चुनकर  लिखिए :-

i) "मैं स्कूल नहीं जा रहा हूँ I"- इस वाक्य से सर्वनाम को अलग कीजिए I

क) स्कूल    ख) रहा हूँ    ग) मैं    घ) नहीं

ii) 'संधि' को तोड़ने की प्रक्रिया को कहते है ?

क) विग्रह    ख) विच्छेद    ग) क  एवं ख  दोनों सही    घ) सभी गलत

iii)  उपसर्ग में उप का अर्थ होता है  ?

क) आगे    ख) मध्य में    ग) अंत में    घ) कोई नहीं

iv) "यदि तुम आते तो काम पूरा हो जाता I"- वाक्य किस काल में लिखा गया है ?

क) वर्तमान काल    ख) भूत काल    ग) भविष्य काल    घ) सभी सही

v) 'मानवता' में प्रत्यय है ।

क) मा    ख) वता    ग) ता
घ) सभी गलत

5.निम्नलिखित रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए :-

i) 'अंक' का एक अर्थ गोद दूसरा ................................होगा।

ii) 'सुलभ' का विलोम शब्द.......................................होगा ।

iii) 'समुद्र' का दो पर्यायवाची
शब्द......................एवं.......................होगा ।

iv)जिसमे धैर्य न हो के लिए एक शब्द ..............................है ।

v) 'धरती पर पांव न पढ़ना' मुहावरे का अर्थ
...........................................है।

## वसंत भाग-2 : पाठ-3 : हिमालय की बेटियाँ

1. निम्नलिखित प्रश्नों का सही उत्तर विकलों से चुनकर लिखिए :-

i) लेखक किस नदी के किनारे बैठ गया ?

क) रावी    ख) सिन्धु    ग) सतलज
घ) चिनाब

ii) कालिदास ने हिमालय को कहा है ?

क) मानव आत्मा    ख) देवात्मा    ग) प्रेतात्मा
घ) सभी गलत

iii) महाकवि को नदियों का रूप पसंद था ?

क) अचेतन    ख) सचेतन    ग) सुचेतन
घ) सभी सही

iv) नदियों के प्रति लेखक के मन में भाव थे ?

क) आदर के    ख) अनादर के    ग) श्रद्धा के
घ) सभी सही

v) दो महानदों के नाम हैं ?

क) गंगा-यमुना    ख) रावी-सतलज    ग) सिन्धु-ब्रह्मपुत्र
घ) सभी गलत

vi) लेखक हिमालय और समुद्र के बीच रिश्ता मानते हैं ?

क) बाबा-पोता ख) जीजा-साला ग) पिता-पुत्र घ) ससुर-दामाद

vii) देवदार और चीड़ के वृक्ष पाए जाते हैं ?

क) रेगिस्तान में ख) मैदानी इलाकों में ग) पहाड़ी इलाकों में घ) हिमालय की घाटियों में

viii) कालिदास ने मेघदूत में नदी का वर्णन किया है ?

क) यमुना ख) बेतवा ग) फाल्गुनी घ) सोन नदी

ix) हिमालय का बर्फ पिघलकर किस नाद में इकात्थाहोता है ?

क) गंगा यमुना ख) कृष्णा कावेरी ग) रावी चिनाव घ) सिन्धु और ब्रह्मपुत्र

x) काका कालेलकर ने नदियों को कहा है ? ।

क) जयमाता ख) राजमाता ग) राष्ट्रमाता घ) लोकमाता

2. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर संक्षेप में लिखिए :-

i) हिमालय की यात्रा में लेखक ने किन-किन की प्रशंसा की है ?

ii) नदियों से होनेवाले लाभ पर चर्चा कीजिये ।

iii) सिन्धु और ब्रह्मपुत्र की क्या-क्या विशेषताएं बताई गई है ?

iv) हिमालय से निकलने वाली सभी नदियों के नाम लिखिए ।

v) काका कालेलकर ने नदियों को लोकमाता क्यों कहा है ?

3. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर विस्तारपूर्वक लिखिए :-

i) नागार्जुन ने नदियों में किन-किन रूपों को देखा है ?

ii) नदियों पर आधारित कोई दो कविताएँ लिखिए ।

iii) गंगा, यमुना और ब्रह्मपुत्र को भारत का जीवन-रेखा यों कहा गया है ?

iv) ऐसे 50 शब्द लिखिए जिसके बीच में योजक चिन्ह लगे हो ।

v) विशेषण की परिभाषा लिखकर उसके 50 उदहारण लिखिए ।

## वसंत भाग-2:पाठ- 4 कठपुतली

1. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर संक्षेप में लिखिए :-

i) चार स्वतंत्रता सेनानियों के नाम लिखिए :- 1857, 1942

ii) कठपुतली को गुस्सा क्यों आया ?

iii) कठपुतली को अपने पाँव पर खड़ी होने की इच्छा है लेकिन वह क्यों नहीं खड़ी हो पाती ?

iv) पहली कठपुतली की बात दूसरी कठपुतलियों को क्यों अच्छी लगी ?

v) कठपुतली का नाच किस राज्य से सम्बंधित है ?

2. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर विस्तारपूर्वक लिखिए :-

i) कठपुतली कविता के बारे में 200 शब्दों में अपने विचार लिखिए ।

ii) कठपुतली कविता का सारांश लिखिए ।

iii) कठपुतली कविता के शीर्षक की सार्थकता पर प्रकाश डालिए ।

iv) स्वतंत्रता/आज़ादी का महत्व बतानेवाली कोई भी दो कविता लिखिए ।

v) कठपुतली कविता से हमें क्या स4.पत्र लेखन :-

3. अपने मित्र को पत्र लिखकर उससे पूछिये कि वह गर्मी की छुट्टियाँ कहाँ और कैसे बिताएगा ?

4.परीक्षा की तैयारी को लेकर दो मित्रों के बीच हुए वार्तालाप को लेकर एक संवाद लिखिए ।

## वसंत भाग-2 : पाठ-5 : मिठाईवाला

1. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर संक्षेप में लिखिए :-

i) मिठाईवाले के परिवार के साथ क्या हुआ होगा ?  इस आधार पर एक और कहानी लिखिए ।

ii) मिठाईवाले में वे कौन-कौन से गुण थे जिसकी वजह से बच्चे तो बच्चे, बड़े भी उसकी ओर खिंचे

चले आते ?

iii) खिलौनेवाले के आने पर बच्चों की क्या प्रतिक्रिया होती थी ?

iv) 'अब इस बार ये पैसे न लूंगा ।" कहानी के अंत में मिठाईवाले ने ऐसा क्यों कहा ?

v) रोहिणी को मुरलीवाले के स्वर से खिलौनेवाले का स्मरण क्यों हो आया ?

2. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर विस्तारपूर्वक लिखिए :-

i) अपनी कल्पना की मदद से मिठाईवाले का चित्र अपने शब्दों के माध्यम से बनाइये ।

ii) पाठ के आधार पर ग्राहक और विक्रेता के बीच के सम्बन्ध को लिखिए ।

iii) फेरीवाले की दिनचर्या को अपने शब्दों में लिखिए ।

iv) अच्छा मुझे ज्यादा वक़्त नहीं, जल्दी से दो ठो निकाल दो ।"आशय स्पष्ट कीजिये ।

v) किसकी बात सुनकर मिठाईवाला भावुक हो गया, और क्यों ?

3. निम्नलिखित गद्यांश से पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए :-

"मैं भी अपने नगर का एक प्रतिष्ठित आदमी था । मकान,व्यवसाय,गाड़ी-घोड़े,नौकर-चाकर सभी कुछ था । स्त्री थी,छोटे-छोटे दो बच्चें भी थे । मेरा वह सोने का संसार था । बाहर सम्पति का बैभव था,भीतर सांसारिक सुख था । स्त्री सुन्दर थी,मेरी प्राण थी । बच्चें ऐसे सुन्दर थे,जैसे सोने के सजीव खिलौने उनकी अठखेलियों के मारे घर में कोलाहल मचा रहता था । समय की गति,विधाता की लीला । अब कोई नहीं है । दादी,प्राण निकाले नहीं निकले इसलिए अपने उन बच्चों की खोज में निकला हूँ । वे सब अंत में होंगे, तो यहीं कहीं ।"

i) प्रस्तुत पंक्तियाँ किस पाठ से उद्धृत है ?

ii) उपर्युक्त कथन किसने,किससे कहा है?

iii) वक्ता को क्या दुःख है ? वह अपने दुःख को कैसे दूर करता है ?

## व्याकरण

1. अनुच्छेद लेखन :-

पर्यावरण प्रदूषण एवं सुरक्षा विषय पर 250 शब्दों में अनुच्छेद लखिए ।

2. अपने मित्र को पत्र लिखकर बताये कि लॉक डाउन के बिच में आपने ऑनलाइन अपनी सभी

विषयों की कक्षाएँ पढ़ी है एवं परीक्षा भी दी है ।

3. विद्यालय में 'अनुशासन का महत्व' समझाते हुए छोटे भाई/बहन को पत्र लिखिए ।

4. आप 'घड़ियों' के निर्माता है ।अपनी कंपनी की घडी का विज्ञापन तैयार कीजिए ।

5. किसी एक विषय पर (200-250 शब्दों में) अनुच्छेद लिखिए :-

i) मेरे जीवन का उद्देश्य

ii) पुस्तकालय

***